हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 मई 2024

11 लेबर चौक पर सुविधाएं न होने से परेशान मजदूरों ने किया प्रदर्शन



11 खेतों में फसल अवशेषों को लगी आग निगल रहीं पेड़ पौधे




# लोकसभा चुनावः नौ मई को दोपहर 3 बजे तक लिया जा सकता है नामांकन वापिस

- इसी दिन दोपहर 3 बजे बाद चुनाव चिन्ह होंगे आबंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा संसदीय सीट के नामांकन की स्क्रूटनी मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित जिलाधीश के न्यायालय में की गई, जिसमें 20 प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया गया, वहीं पांच प्रत्याशियों का नामांकन रद्द किया गया। जिन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द किया गया, उनमें राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से सोमा, इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवरिंग कैंडिडेट नलिन सिंह, जननायक जनता पार्टी के कवरिंग कैंडिडेट प्रवीन कुमार, इंडियन नेशनल लोकदल के कवरिंग कैंडिडेट सुनील कुमार, बहुजन समाज पार्टी के कवरिंग कैंडिडेट सुरजीत कुमार का नामांकन शामिल हैं। सिरसा संसदीय सीट के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि 25 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसकी आज 7 मई को प्रत्याशी व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्क्रूटनी की गयी। स्क्रूटनी के दौरान नामांकन पत्र में अलग-अलग कारणों से पांच प्रत्याशियों का नामांकन रद्द किया गया।



सिरसा। नामांकन पत्रों की जांच करते रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## इन प्रत्याशियों का नामांकन वैध

रिटनिंर्ग अधिकारी ने बताया कि आज की गई स्क्रूटनी में 20 प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया गया, उनमें आजाद उम्मीदवार बगदावत राम, आजाद उम्मीदवार राहुल चौहान, आजाद उम्मीदवार करनेल सिंह, आजाद उम्मीदवार जसविंदर सिंह, आजाद उम्मीदवार जसवीर सिंह, आजाद उम्मीदवार सुखदेव सिंह संधु, आजाद उम्मीदवार रण सिंह, भारतीय जनता पार्टी से अशोक तंवर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से उम्मीदवार शैलजा, जननायक जनता पार्टी से रमेश खटक, इंडियन नेशनल लोकदल से संदीप, बहुजन समाज पार्टी से लीलू राम, आजाद उम्मीदवार सुरेंद्र कुमार, बहुजन रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी से राजेश, भारतीय आशा पार्टी से राजेंद्र कुमार, आजाद उम्मीदवार सतपाल सिंह, लोकतांत्रिक लोक रा'यम पार्टी से धर्मपाल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रटिक) से दौलत राम, आजाद उम्मीदवार नवीन कुमार व आजाद उम्मीदवार जोगिंद्र राम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 9 मई को दोपहर 3 बजे तक तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। इसके उपरांत 9 मई को ही दोपहर 3 बजे चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

सिरसा। पुराना सिविल अस्पताल रोड पर एक सैलून की दुकान के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव खैरेकां निवासी अनिल ने बताया कि वह पुराना सिविल अस्पताल रोड पर एक सैलून पर काम करता है। उसने बताया कि 5 मई को वह सुबह दुकान पर गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल सैलून के बाहर खड़ी की थी। शाम को घर जाने के लिए बाइक संभाली तो गायब मिली।

### निर्माणाधीन स्थल से हजारों का सामान चोरी

सिरसा। शहर के बंसल पैलेस के समीप चल रहे निर्माण कार्य से चोर हजारों रुपए की लोहे की प्लेटें चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में डी-17, पुराना डीसी कार्यालय सिरसा निवासी जसपाल सिंह ने बताया कि वह बंसल पैलेस के समीप बिल्डिंग का निर्माण करवा रहा है। शाम को सभी मजदूर काम से घर चले गए। देर रात को चोर निर्माणाधीन स्थल से लोहे की चार प्लेटें चोरी कर ले गए। सुबह उसे घटना के बारे में पता चला।

### ऑप्रेशन से बचाई गाय की जान

सिरसा। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार एक गाय की सिजेरियन ऑपरेशन करके जान बचाई गई। यह ऑपरेशन राजकीय वेटरिनरी पॉलीक्लिनिक सिरसा में कार्यरत पशु चिकित्सक डॉ. मदन द्वारा किया गया और मृत बछड़े को ऑपरेशन करके बाहर निकाला गया।

### युवक 15 बोतल अवैध शराब सहित काबू

ओढां। ओढां थाना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव जंडवाला जाटान से एक युवक को 15 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही भूप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव जंडवाला जाटान में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को शक के आधार पर काबू कर उसकी तालाशी ली तो उसके कब्जा से 15 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### पालिका बाजार से मोटरसाइकिल चोरी

फतेहाबाद। वाहन चोर ने शहर के पालिका बाजार से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में नहर कालोनी फतेहाबाद निवासी देवेन्द्र कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने अपने मोटश्रसाइकिल को पालिका बाजार में एक मोबाइल की दुकान के बाहर खड़ा किया और चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

## पंजाब के ठेकेदार से तालमेल करके लेबर बुलाई तो हुआ 79 फीसदी गेहूं का उठान

# मंडियों में 15 दिन से खुले में पड़ी थी 3 लाख एमटी गेहूं, डीसी ने किया हस्तक्षेप

मंडियों में करीब 3 लाख एमटी से ज्यादा गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा था



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में लगी गेहूं की ढेरियां। (फाइल फोटो)

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से जिले की अनाज मण्डियों से गेहूं खरीद होने के बावजूद लिफ्टिंग न होने से आहत जिला उपायुक्त राहुल नरवाल को खरीद एजेंसियों के बीच में दखल देना पड़ा। उपायुक्त की इच्छाशक्ति से मण्डियों में कई दिनों से पड़ी गेहूं का उठान करवाकर उसे गोदामों तक पहुंचावा दिया है। उपायुक्त ने पंजाब की मण्डियों से लेबर ठेकेदारों से तालमेल कर लेबर को यहां बुलाया और गेहूं का उठान करवाकर गोदामों में भेज दिया। अब तक जिला में लगभग 79 प्रतिशत गेहूं का उठान किया जा चुका है। बता दें कि पिछले कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बिगड़ रहा था। मौसम विभाग हर दो दिन बाद डब्ल्यूडी एक्टिव होने की संभावना जताता तो जिला प्रशासन की धड़कनें बढ़ जाती। कारण था मण्डियों में करीब 3 लाख एमटी से ज्यादा गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा था। व्यापार मंडल व आढ़ती गेहूं उठान के बारे में डीसी को ज्ञापन देकर इसमें तेजी लाने की मांग कर चुके थे। बावजूद इसके उठान में तेजी नहीं आई। जब खरीद एजेंसियां गेहूं उठान में तेजी नहीं लाई तो डीसी को हस्तक्षेप करना पड़ा। आखिरकार सोमवार को डीसी राहुल नरवाल ने स्वयं संज्ञान लेकर पंजाब से लेबर बुलाई और गेहूं का उठान करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक खरीद एजेंसियों ने 5 लाख 18 हजार 130 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया है। विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों ने 6 लाख 56 हजार 953 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। अप्रैल माह के मध्य में खरीद बढ़ने के बाद मंडियों में गेहूं की आवक ज्यादा हुई, उस वजह से उठान में भी धीमापन हुआ। उपायुक्त राहुल नरवाल ने एक रणनीति के तहत गेहूं उठान के लिए विभागीय तालमेल, एजेंसी व ठेकेदारों की बैठक लेकर इसमें तेजी लाई। उपायुक्त ने गोदामों में आई लेबर कमी को दूर करने के लिए पंजाब के ठेकेदारों से तालमेल किया और खरीद केंद्रों पर पंजाब की लेबर को लगाकर जिला की मंडियों से गेहूं उठाना सुनिश्चित करवाया, जिसके बाद गेहूं उठान में तेजी आई और मंडियों में जाम की स्थिति नहीं बनी। गोदामों में लेबर की संख्या बढ़ने के बाद गोदामों में थैले अनलोडिंग में बढ़ोतरी हुई जिससे ट्रक खाली में समय कम लगा और उठान कार्य में तेजी रही।

### सदलपुर में हैफेड को किराये पर दिलवाया गोदाम

सोमवार को उपायुक्त राहुल नरवाल ने समय-समय पर ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की और लगातार उठान कायार्ें की मॉनिटरिंग स्वयं करते रहे। जिला प्रशासन ने ठेकेदारों से ज्यादा ट्रक उठान कार्य के लिए लगवाए। गेहूं भंडारण के लिए पर्याप्त मात्रा में जगह उपलब्ध करवाने के लिए भी जिला प्रशासन ने सदलपुर के भारतीय खाद्य निगम के गोदाम को हैफेड द्वारा किराये पर उपलब्ध करवाया गया, जिसके बाद भी उठान में तेजी हुई। उपायुक्त राहुल नरवाल ने व्यापार मंडल एसोसिएशन और खरीद एजेंसियों का आपसी तालमेल बनवाया, जिसकी बदौलत व्यापारियों को ज्यादा ट्रक उपलब्ध हुए तो उठान में तेजी हुई। भारतीय खाद्य निगम द्वारा टोहाना, भट्टू, जाखल रेल हेड पर स्पेशल ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जो उठान में तेजी लाने का एक प्रमुख कारण हुआ।

### 94.83 प्रतिशत किसानों को हुआ 1117 करोड़ का भुगतान

जिला में अब तक फूड सप्लाई ने 62 हजार 592 मीट्रिक टन, हैफेड ने 2 लाख 68 हजार 436 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 1 लाख 66 हजार 593 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 20 हजार 509 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया है। 42 हजार 337 किसानों की गेहूं की फसल खरीद कर उन्हें विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 1117 करोड़ 80 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि उठान हुई गेहूं की एवज में किसानों को 94.83 प्रतिशत भुगतान करवाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिला में खरीद कार्य सुचारू है और कहीं पर कोई परेशानी नहीं आ रही है। मंडी में आने वाले किसानों की तय नियमानुसार फसल खरीदी जा रही है।

# आज जांच के लिए पहुंचेगी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी

- केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल के प्रिंसीपल पर शिक्षका से छेड़छाड़ का मामला
- डीएसपी ने स्कूल में जाकर स्टाफ सदस्यों के ब्यान किए दर्ज, कहा : सबूत मिले तो प्रिंसीपल को करेंगे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव बड़ोपल स्थित केन्द्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल पर महिला म्यूजिक टीचर द्वारा लगाए गए छेड़छाड़ के आरोपों के मामले में मंगलवार को तीसरे दिन डीएसपी जयपाल सिंह ने स्कूल में जाकर शिकायतकर्ता टीचर व स्टाफ सदस्यों के ब्यान दर्ज किए। डीएसपी का कहना है कि अभी ब्यान दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है और जांच जारी है। जांच में कोई सबूत सामने आता है तो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, स्कूल की सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी आज दिल्ली से केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल में जांच के लिए पहुंचेगी। बता दें कि केन्द्रीय विद्यालय में कार्यरत म्यूजिक टीचर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह केन्द्रीय विद्यालय बड़ोपल में म्यूजिक टीचर के पद पर है। करीब 8 महीने पहले उसका इस स्कूल में ट्रांसफर हुआ था। 12 दिसंबर 2023 को स्कूल प्रिंसिपल सांवरमल ने अपने ऑफिस में स्कूल के किसी काम को लेकर उसे बुलाया। प्रिंसिपल ने उसे कहा कि 'आज तो कमाल की दिख रही हो' और उसकी तरफ गंदी नजर से देखने लगा। टीचर ने आगे कहा कि इसके बाद एक दिन जब उसने टाइम टेबल को लेकर प्रिंसिपल से अनुरोध किया तो उन्होंने एक गंदी हंसी के साथ मुझसे कहा कि आप बस मुझे खुश कर दीजिए और मैं आपकी सारी क्लास हटा दूंगा। टीचर ने शिकायत में कहा कि छुट्टी लेने पर एक दिन पहले प्रिंसीपल ने कहा कि आपको जब भी कोई निजी समस्या हो तो मुझे पर्ची में लिखकर दे दिया करो, मैं किसी को नहीं बताउंगा। इसके बाद प्रिंसीपल ने हाथों से गंदा इशारा भी किया। टीचर ने कहा कि इसके बाद प्रिंसिपल ने मेरे घर के बारे में पूछा। जब उसने पता बताया तो उसने कहा कि वहां की महिलाएं तेज होती हैं। परेशान होकर उसने दूसरी महिला टीचरों से प्रिंसिपल की हरकत के बारे में बताया।

### प्रिंसिपल ने आरोप बताए बेबुनियाद

प्रिंसिपल सांवरमल ने बातचीत में सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उन्होंने 14 साल वायुसेना में नौकरी की है। शिक्षकों के साथ ऐसे बर्ताव की वह सोच भी नहीं सकते। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय का प्रिंसीपल होने के नाते उन पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का दबाव है, जिसके लिए सभी शिक्षकों से काम लेना जरूरी होता है।



डबवाली। दूसरे दिन धरना देते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## डबवाली में विवाह पंजीकरण के नाम पर की गई अवैध वसूली वापस लौट आई, आंदोलन जारी

डबवाली। अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत डबवाली तहसील परिसर में पूरी तरह से फिट बैठती है। आरोप है कि यहां हर काम के दाम तय है। दलालों का यहां विशेष ख्याल रखा जाता है और 'यादातर काम इन्हीं के मार्फत किए जाते हैं। पिछले दिनों विवाह पंजीकरण के नाम पर हजारों रुपए की राशि वसूलने का एक मामला यहां विशेष चर्चा का विषय बना। गांव शेरगढ़ के एक व्यक्ति से सोनू नाम के एक दलाल ने यह राशि वसूल की। इसके विरोध में सीटू व एक किसान संगठन के प्रतिनिधियों ने तहसील कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना भी शुरू किया। आज धरने का दूसरा दिन था और इसी बीच पीड़ित रामस्वरूप को उसके रिश्वत के 13500 रूपए वापस मिल गए हैं। रामस्वरूप व आंदोलन कर रहे अन्य लोगों ने लिखित में इसकी जानकारी दी है। अब बड़ा सवाल यह है कि जिस प्रशासन को इस भ्रष्टाचार की जानकारी दी गई थी उसने इस मामले में कार्रवाई अब तक क्यों नहीं की। क्या अवैध वसूली के पैसे वापस करने से तंत्र पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप धुल गए हैं। इस बारे में किसान नेता राकेश फोगड़िया का कहना है कि उनका आंदोलन तब तक चलेगा जब तक इस मामले में पुख्ता कार्रवाई नहीं होती।

### हादसे में राजस्थान का पुलिसकर्मी घायल

फतेहाबाद। भट्टू के गांव सूलीखेड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से राजस्थान पुलिसकर्मी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जयपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में मण्डी आदमपुर निवासी जयभगवान ने कहा है कि उसकी अनाज मण्डी आदमपुर में आढ़त की दुकान है। उसने कहा कि उसका रिश्तेदार नागरमल निवासी धीरवास बाड़ा जिला चुरू राजस्थान पुलिस में हैड कांस्टेबल है औश्र उसकी विजय नगर थाना में ड्यूटी है। नागरमल सरकारी कार्य ड्यूटी तामिल के लिए आ रहा था। रास्ते में वह गांव सुलीखेड़ा के पास उतरा और पैदल जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात गाड़ी का चालक गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और नागरमल में सीधी टक्कर दे मारी।

# सर्व कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा मांग पत्र

- कर्मचारियों की मांगों से करवाया अवगत
- पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित अनेक मांगों को उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कुमारी सैलजा को मांग पत्र सौंपते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित कर्मचारियों की अनेक समस्याओं को लेकर सर्व कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कुमारी सैलजा से गांव धांगड़ में मिला और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में सकसं के जिला सचिव सुरजीत दुसाद, रमेश तुषामड़, बेगराज, पृथ्वी सिंह बाना, रामनिवास शर्मा, मलकीत सिंह, कृष्ण चमारखेड़ा, भाल सिंह, सतपाल, सुरेश कुमार, हनुमान खिचड़, मुरारी लाल, राजेश गोठड़ा, ओमप्रकाश लोट, विजय कुमार, नरेश राणा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। कुमारी सैलजा ने सकसं प्रतिनिधिमंडल को ओपीएस बहाली, कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का करने अग्निवीर योजना को बंद करने सहित कर्मचारियों की अन्य मांगों का बातचीत के माध्यम से समाधान करवाने का आश्वासन दिया। सकसं के जिला सचिव सुरजीत दुसाद ने बताया कि सैलजा को सौंपे ज्ञापन में संघ ने सभी तरह के कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करने व समान वेतन, भत्ते, सुविधाएं व सेवा सुरक्षा देने, दो साल की सेवा के आधार पर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की नीति बनाने, स्वीकृत पदों पर अस्थाई कर्मचारियों की भर्ती न करने, कौशल रोजगार निगम को भंग करने की मांग की है।

### हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने पर दो महिलाएं झुलसी, अस्पताल में भर्ती

सिरसा। शहर के भारत नगर में मंगलवार दो महिलाओं को हाई वोल्टेज तार का करंट लग गया। जिससे एक महिला 90 प्रतिशत झुलस गई जबकि दूसरी महिला के पैर बुरी तरह झुलस गए। घायल महिलाओं को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। जानकारी के अनुसार भारत नगर स्थित एक मकान को किराये पर लेने के लिए मंगलवार दोपहर को दो महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची। मकान को देखते हुए महिलाएं मकान की छत पर पहुंची। जैसे ही महिलाएं उपर पहुंची मकान की छत के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज की तार से दोनों महिलाओं को जोरदार करंट लगा। जिससे जोरदार धमाका भी हुआ। धमाके की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर आ गए। लोगों ने मकान में छत पर जाकर देखा तो दो महिलाएं करंट से बुरी तरह झुलसी हुई हालत में मिलीं। इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। इसके बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया।



फतेहाबाद। क्रेसेंट स्कूल में विश्व एथलेटिक्स दिवस पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### क्रेसेंट स्कूल में मनाया विश्व एथलेटिक्स दिवस

फतेहाबाद। क्रेसेंट स्कूल में फिटनेस के महत्व एवं जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वर्ल्ड एथलेटिक्स डे मनाया गया। छात्रा नेहा के मंच संचालन में तेजस्वी रुहांश, गर्व, जैविक इत्यादि ने अपने सुविचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली व टीमवर्क की महत्ता के बारे में बताया। हेतल व साक्षी ने अपनी स्पीच के माध्यम से व्यायाम, योगा इत्यादि के फायदों के बारे में बताया। रुद्र व विवान ने सामान्य ज्ञान के प्रश्न एवं विभिन्न खेलों से संबंधित शब्दावली पूछ कर विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा। कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने कपिल देव, मिल्खा सिंह, साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, नीरज चोपड़ा विभिन्न खिलाड़ियों की भूमिका निभाते हुए उनके जीवन के बारे में जानकारी व उनके प्रेरणादायक बातें सांझा की। छात्र नमन ने 'बच्चे हो या बूढ़े सबको पसंद है खेलना' कविता का सस्वर वाचन किया। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने एरोबिक्स, हुल्ला हूप के माध्यम से विभिन्न खेलों को दर्शाते हुए दिखाया कि किस प्रकार खेलों को अनुशासनबद्ध खेलना चाहिए। छात्रा खनक ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को खेलों को खेल की भावना से खेलने व नियमानुसार कार्य करने की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्या पूनम ने सभी विद्यार्थियों की एथलेटिक्स डे की प्रस्तुतियों की सराहना की।

## श्री खाटू श्याम स्थित बाबा के दरबार में 12 को होगा विमोचन

# बच्चों के बौद्धिक ज्ञान को बढ़ाएगा 'अतुल्य भारत' एप

- फतेहाबाद के ललित चोपड़ा व सिरसा के शिव कुमार डूडी द्वारा बच्चों के लिए विशेष तौर पर तैयार किया गया है एप्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



ललित चोपड़ा, शिव कुमार डूडी।

आज के प्रतियोगी युग में बच्चों का तेज-तर्रार और समझदार होना बेहद जरूरी है। खासकर विद्यार्थियों को अपने देश, प्रदेश व समाज में हो रही घटनाओं के बारे में जानकारी जरूर होनी चाहिए। विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान से सम्बंधित विषय की तैयारी करवाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कम्प्यूटर इन्स्ट्रक्टर एवं भारत को जानो प्रतियोगिता का अनेक जगह सफलतापूर्वक मंच संचालन कर चुके ललित चोपड़ा व पीआर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल खैरेकां, सिरसा के प्रिंसीपल शिव कुमार डूडी द्वारा एक विशेष प्रयास किया गया है। इनके द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए 'अतुल्य भारत' नाम से एक एक मोबाइल एप्प तैयार किया गया है। इस एप्प का 12 मई को विधिवत तरीके से श्री खाटू श्याम स्थित बाबा के दरबार में विमोचन किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए ललित चोपड़ा ने बताया कि किसी भी प्रकार की परीक्षा खासकर सामान्य ज्ञान से सम्बंधित विषय की तैयारी के लिए इस एप्प को तैयार किया गया है। इस ऐप्प में फिलहाल सामान्य ज्ञान, सड़क सुरक्षा, रामायण प्रश्नोत्तरी, महाभारत प्रश्नोत्तरी, चित्र प्रश्नोत्तरी सहित 6000 से 'यादा प्रश्नों का संग्रह किया गया है। उनका टारगेट 50 हजार प्रश्नों का संग्रह करने का है जिस पर फिलहाल काम चल रहा है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह ऐप खासकर उन बच्चों के लिए लाभकारी है, जो अपने सामान्य ज्ञान को लेकर चिंतित रहते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में लाखों बच्चे इस एप्प को डाउनलोड करके इसका फायदा उठा सकते हैं। यह एप्प सभी के लिए गुगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है। ललित चोपड़ा ने बताया कि इस बारे में वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू दिअतुल्यभारत डॉट कॉम के अलावा इन्स्टाग्राम व यूट्यूब अतुल्य भारत पर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। ललित चोपड़ा ने बताया कि सामान्य ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ इस एप्प पर समय-समय पर ऑनलाइन क्विज भी करवाएं जाएंगे और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### राजस्थान व पंजाब के बॉर्डर पर बढ़ाई चौकसी

सिरसा। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जहां जिला के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, वहीं साथ लगते रा'यों पंजाब व राजस्थान की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाकर साथ लगते थाना प्रभारियों तथा अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल के लिए बैठकें भी शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी के तहत डीएसपी ऐलनाबाद संजीव बल्हारा ने राजस्थान सीमा के साथ लगते तलवाड़ा झील थाने में वहां के थाना प्रभारी राजन दीप कौर के साथ बैठक कर चुनाव के मद्देनजर आपस में बेहतर तालमेल तथा एक दूसरे का सहयोग करने पर चर्चा की। डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि बैठक के दौरान विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की सूची आपस में शेयर की गई।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

लाइफ Style

# सुष्मिता
## दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'

## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*


**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



## खबर संक्षेप

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए भूना पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार भूना पुलिस की टीम एएसआई दलबीर सिंह के नेतृत्व में नशीले पदाथार्ें की तस्करीर रोकने को लेकर खैरी चौक पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि महेन्द्र निवासी वार्ड नं. 12, मॉडल टाऊन भूना हेरोइन बेचने का काम करता है। इस सूचना के बाद पुलिस उकलाना रोड की तरफ जा रही थी तो मॉडल टाऊन से हिसार रोड को जाने वाली गली में से एक युवक आता दिखाई दिया।

### लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका

**हिसार।** युवाओं के हित के लिए लगातार प्रयासरत भगत सिंह फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू कादियान ने कहा है कि लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवा वर्ग को मतदान के लिए जागरूक करते हुए बताया कि मतदान कितना महत्वपूर्ण है। रेनू कादियान ने मंगलवार को कहा कि स्कूल की पढ़ाई पूरी कर कॉलेज पहुंचने वाले विद्यार्थी स्वयं जागरूक बनकर अनिवार्य रूप से मतदान करें और अपने आसपास दूसरों को जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझना और दूसरों को समझाना एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसे देश का प्रत्येक नागरिक समझ ले तो समाज को मजबूत आधार मिल सकेगा। खासतौर पर 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने स्वयं से आगे आना चाहिए। रेनू कादियान ने कहा की मतदान हमारा अधिकार है।

### चोरी के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** जिला पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई चोरी की 5 वारदातों को सुलझाते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 2 मोटरसाइकिल, 2 सेल्फ आर्मेचर, 3 कोमरेटर और 1 कट्टा नरमा व जई के बीज का बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना बरवाला पुलिस ने लोटस अल्ट्रासाउंड लैब बरवाला के सामने से गत 6 मई को मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों वार्ड नंबर 16 बरवाला निवासी सुरेश और अनिल को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है।

## अनदेखी से नाराज लोगों ने कहा कि जो सुविधाएं देगा, वोट उसी को देंगे

# लेबर चौक पर सुविधाएं न होने से परेशान मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**कहा: पुराने बस अड्डे के पास बने लेबर शैड पर मजदूरों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। लेबर चौक पर सुविधाएं न होने पर प्रदर्शन करते मजदूर, साथ हैं आप नेता लक्ष्य गर्ग।

शहर के पुराना बस अड्डे के पास लेबर शैड पर मजदूरों के लिए शासन-प्रशासन द्वारा कोई सुध न लिए जाने पर काम की तलाश में आए मजदूरों ने मंगलवार को रोष प्रदर्शन किया। मजदूरों ने साफ कहा कि जो भी पार्टी मजदूरों का सहयोग करेगी, उन्हें सुविधाएं व रोजगार उपलब्ध करवाएंगी, मजदूर यूनियन इन चुनावों में उसी पार्टी का समर्थन करेंगे। इस दौरान मौके पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के राज्य सहसचिव लक्ष्य गर्ग मजदूरों के बीच पहुंची और उनकी समस्या सुनी। उन्होंने मजदूरों को आश्वासन दिया कि इंडिया गठबंधन की जीत के बाद मजदूरों की समस्याओं का समाधान करवाने का काम किया जाएगा। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने कहा कि पुराने बस अड्डे के पास बने लेबर शैड पर मजदूरों के लिए शासन-प्रशासन द्वारा कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सुबह से शाम तक मजदूर काम की इंतजार में यहां बैठे रहते हैं लेकिन यहां हालात बद से बदत्तर बने हुए है। यहां पर मजदूरों के लिए पहले एक सार्वजनिक शौचालय बना हुआ था। प्रशासन ने यह कहकर इसे तुड़वा दिया था कि इसे तुड़वाकर यहां नए शौचालय बनवाए जाएंगे लेकिन इतना समय बीत जाने के बावजूद शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यही नहीं, भीषण गर्मी में मजदूरों के पीने के लिए पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सारा दिन मजदूर प्यासे रहने को मजबूर है। यही नहीं लेबर चौक के समीप कूड़े-कचरे के ढेर लग रहते हैं। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। गंदगी से उठ रही दुर्गंध से जहां उनका यहां बैठना दूभर हो जाता है वहीं मच्छरों की भरमार से मजदूरों के बीमार होने का भी डर बना रहता है। मजदूरों ने कहा कि इसको लेकर वे कई बार राजनेताओं व अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं लेकिन अभी तक किसी भी नेता व अधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली है।



फतेहाबाद। प्रशासन के खिलाफ रोष जताते डीसी कालोनी के लोग।

### समस्या का हल नहीं तो वोट नहीं : डीसी कॉलोनी वासी

फतेहाबाद। डीसी कॉलोनी के लोगों ने ऐलान किया है कि चुनाव से पहले यदि उनकी समस्याओं का हल नहीं हुआ तो इस बार वह बीजेपी को वोट नहीं देंगे। बीजेपी सरकार से नाराजगी जताते हुए कॉलोनी के दर्जनों लोगों ने आज सांझा फैसला लेकर अपना विरोध जताया। दरअसल डीसी कॉलोनी में रिहायशी प्लाटों के रिकार्ड में गड़बड़ी को लेकर प्लाट धारकों ने पिछले 5 साल से पटवारी से सीएम तक सभी के दरवाजे खटखटाए, परंतु उनकी समस्याओं का निवारण नहीं किया जा सका। राजस्व रिकार्ड में गड़बड़ी के कारण प्रशासन द्वारा डीसी कालोनी के अधिकतर प्लाटों के इंतकाल दर्ज नहीं किए जा रहे, जिस कारण लंबे समय से वे अपने हकों से वंचित है।डीसी कालोनी निवासियों ने बताया कि इस धांधली को लेकर पहले तो जिला स्तर पर पटवारी व तहसीलदार आदि से गुहार लगाई। इसके उपरांत उन्होंने एसडीएम, जिला उपायुक्त, सांसद, उपमुख्यमंत्री तथा मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई, परंतु किसी ने आज तक उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। इसके उपरांत प्लाट धारकों ने 24 मई 2023 को सीएम विंडो में एक शिकायत दर्ज करवाई, परंतु तहसीलदार ने एसडीएम के मार्फत 29 अगस्त 2023 को शिकायत को गोलमाल करके बिना शिकायतकर्ताओं की सहमति के ही केस बंद करने की सिफारिश कर दी, जिसके बाद 26 सितंबर को सीएम सेल द्वारा इसे बंद कर दिया गया। इसके बाद पीड़ित लोगों ने सीएम ऑफिस को इस बारे लिखा, तो सीएम ऑफिस ने शिकायत को रिऑपन तो कर दिया, परंतु शिकायत को गलत तरीके से बंद करने वाले अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया तथा मामले को कुछ महीने लटकाने के बाद एसडीएम ने फिर से बिना शिकायतकर्ताओं की सहमति के इस केस को बंद करने के लिए सीएम सेल को लिख दिया, परंतु इस बार भी सीएम सेल द्वारा इसे बंद करने की सिफारिश को मंजूर नहीं किया।



सिरसा। मतदाता जागरुकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## भाविप ने निकाली मतदाता जागरूकता

- पहले मतदान फिर जलपान करने की दिलाई शपथ
- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारत विकास परिषद शाखा सिरसा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तीसरे दिन मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चत्तरगढ़पट्टी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेजाडेला कलां में अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम की कुशल मार्गदर्शन में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शाखा सचिव सतपाल जोत ने बताया कि दोनों रैलियों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापक वृंद, एसएमसी सदस्य तथा ग्रामवासी काफी संख्या में सम्मिलित हुए, जिसे प्रांतीय संयोजक अशोक गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष प्रमोद मोहन गौतम ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान जरूरी है। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे 25 मई को मतदान करने अवश्य जाएं। विद्यालय प्रभारी मंजू कासनियां ने विद्यालय में आने पर परिषद परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा परिषद द्वारा किया जा रहे सेवा कायार्ें की सराहना की। शाखा के वरिष्ठ सदस्य सुशील गुप्ता ने बताया कि परिषद द्वारा मतदाता परिषद द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान जारी रहेगा, जिसमें रैलियों के साथ-साथ गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा। अंत में सहसचिव भगवान दास बंसल ने सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापक वृंद, ग्रामवासियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व प्राचार्य रामावतार कौशिक के विशेष सहयोग से संपन्न हुई रैलियों में मंजू कासनियां, जोगेंद्र सिंह (पीटीआई), भूप सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता, सुभाष चंद्र, गुरदेव सिंह, सजन कुमार शर्मा, पुष्पा भारद्वाज, किरणजीत, मनीषा, आशा, सुरेखा, किरणबाला, शिवचरण, मधु शर्मा, विमला रानी एवं सैकड़ों ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज. जाखल



जाखल। लोकसभा चुनावों को लेकर जांच पड़ताल करते सीआईए प्रभारी सुरेंद्र सिंह।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। कुलां क्षेत्र में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मंगलवार शाम को स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट टोहाना विद्युत निगम के एसडीओ धर्मवीर के साथ वाहनों की चेकिंग की गई। इस जांच टीम में मौजूद टोहाना सीआईए प्रदीप और फतेहाबाद सीआईए इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने अपनी टीम व पुलिसकर्मियों के साथ वाहन जांच का जिम्मा संभाला। लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए गठित स्पेशल टीम ने जांच अभियान के दौरान गाड़ी के नंबर, बाहरी लोगों के नाम और पता भी नोट किया गया। जांच दल ने गांव के आसपास इलाको और एंट्री प्वाइंट, कुलां चौक में नाकेबंदी कर जांच अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में भी आदर्श आचार संहिता लागू करने के लिए प्रशासन द्वारा ये कदम उठाए जा रहा हैं। फतेहाबाद के सीआईए प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए हर तरह की एहतियात बरती जा रही है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि सिरसा संसदीय सीट के लिए 25 मई होने वाले मतदान के चलते आने जाने वाले वाहनों की गहनता से तलाशी ली जा रही है।

### लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील

ड्यूटी मजिस्ट्रेट के अलावा टीम में मौजूद फतेहाबाद और टोहाना सीआईए टीमों के इंचार्ज द्वारा भी लोगों को संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सतर्क रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। टीम के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव शांतिमय ढंग से कराने के लिए टीम पूरी तरह से सतर्कता से कार्य कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देशन पुलिस के

## योग शिविर से दे रहे शत प्रतिशत मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। शिविर में योग करते साधक। फोटो : हरिभूमि

महात्मा बुद्ध योग संस्था के संस्थापक नरेंद्र योगी द्वारा सिरसा शहर के विभिन्न पाकार्ें में योग कैंप लगाकर लोगों को योग करवाने के साथ-साथ शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया जा रहा है। इसी कड़ी में नरेंद्र योगी द्वारा मंगलवार को हुडा सेक्टर के पार्क में योग कैंप के अंतिम दिन लोगों से वोट डालने का आह्वान किया गया। संस्था के डायरेक्टर रामसिंह भारत, अमन, प्रोमिला, रचना, विजय सोनी, राजेंद्र, विशाल सहित अन्य योग साधकों ने भाग लिया। योगी ने कहा कि जो पार्टी देश हित के बारे सोचे, उसे हमें वोट करना चाहिए। अपना वोट जरूर दें। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। प्रत्येक वोट का बड़ा महत्व है। लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए सभी को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए।

## जेसीडी फार्मेसी कॉलेज की भावना व पायल रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ के फार्मेसी कॉलेज की छात्रा भावना एवं पायल ने पंडित भगवत दयाल शर्मा हेल्थ साइंसेज यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा बी फार्मेसी के घोषित परिणामों में जिलाभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान सहित अपने माता-पिता व परिवार का नाम रोशन किया है। फार्मेसी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुपमा सेतिया ने बताया कि बी. फार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में भावना ने 90.62 फीसदी अंकों के साथ पूरे जिलेभर के विभिन्न संस्थानों में पहला स्थान एवं विश्वविद्यालय में चौथा स्थान हासिल किया है। वही बी.फार्मेसी चौथे सेमेस्टर की छात्रा पायल ने भी 83.35 फीसदी अंक लेकर जिलेभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। डॉ. सेतिया ने कहा कि परीक्षा में विद्यार्थी भावना व पायल द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी उत्साहवर्धन का कार्य करेगा और अन्य बच्चों को भी मेहनत एवं लगन से शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। इस उपलब्धि पर जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने टॉपर को बधाई देते हुए कहा कि हमारा सदैव यही ध्येय रहता है कि हम विद्यार्थियों को संस्कारित गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ-साथ अनुशासित नागरिक भी बनाएं।

### विशाल बालाजी महासंकीर्तन 11 मई को

**फतेहाबाद।** श्री बालाजी हनुमान सेवा मंडल फतेहाबाद द्वारा 11 मई को 17वां विशाल बालाजी महासंकीर्तन का आयोजन श्री राम सेवा समिति चिल्ली वाली धर्मशाला में होगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रेस प्रवक्ता महादेव बंसल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख समाज सेवी देवी दयाल तायल के सानिध्य में किया जाएगा। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान विनोद गर्ग नानू करेंगे। उन्होंने बताया कि महासंकीर्तन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अनिल ज्याणी होंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभाष गर्ग, सुरेंद्र मित्तल, दलीप गोयल, जगदीश भादू, डॉ. सुभाष शर्मा, राजेश गर्ग, शिव कुमार सर्राफ, भारत भूषण, विनोद गर्ग, भीमसैन असीजा आदि रहे।

## खेतों में फसल अवशेषों में लगी आग निगल रही पेड़

- कुलां-जाखल मार्ग पर आग की भेंट चढ़े कई पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल



जाखल। कुलां मार्ग पर पेड़ों में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

एक तरफ यहां प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर जोरों-शोर से प्रचार और पौधरोपण कर आमजन को प्रेरित किया जा रहा है, वहीं इसके बावजूद खेतों में आग लगाएं जाने से पेड़ पौधे भी नष्ट हो रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से गेहूं के अवशेष न जलाने के आदेश यहां क्षेत्र में हवाई ही नजर आ रहे हैं। बीती रात कुलां जाखल मुख्य मार्ग किनारे गांव ढेर के पास खेतों में आग लगने से कई छोटे और सफेदे के बड़े पेड़ आग की भेंट चढ़े दिखाई दिए। आग से जले पेड़ इतने कमजोर हो गए हैं कि यह किसी भी समय गिर सकते हैं। इससे बड़ा हादसा होने का भी खतरा बना है। यहीं नहीं, कुछ जगहों पर किसान धान रोपाई करने की तैयारी के लिए स्वयं भी भूमि को साफ करने के उद्देश्य से खेतों में पड़े कूड़े कबाड़े को जलाने के लिए आग लगा देते है, जबकि आग लगाने के बाद ऐसे किसान इस आग को बुझाने का प्रयास नहीं करते हैं। लिहाजा इससे आग फैलकर पेड़ पौधों को चपेट में ले लेती है। खेतों में आग लगने से यहां जहरीला धुंआ आसमान को छू रहा हैं, वहीं यह आग पेड़, पौधो की हरियाली निगल रहीं हैं। नतीजन इससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। सड़क किनारे खेतों में आगजनी से उठने वाले धुएं से राहगीरों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता हैं।

दरअसल ऐसा हर बार होता हैं कि खेतों में गेहूं के अवशेषों के साथ न जाने कितने पेड़ पौधे आग की भेंट चढ़ जाते हैं। अनुमान लगाया जाए तो हर वर्ष जितने पेड़ पौधे आगजनी की बलि चढ़ जाते हैं तो उससे आधा हिस्सा भी पौधे रोपित नहीं किए जाते हैं। इस थोड़ी सी लापरवाही के चलते पर्यावरण प्रदूषण, अतिवृष्टि व सूखा पड़ना आम बात बन चुकी है, परंतु मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व अवशेष जलाने वालों में से किसी को भी इन पर्यावरण के सजग प्रहरी पेड़ों की आग बुझाने की चिंता नहीं है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

ये मामला मेरे संज्ञान में है। बीती रात जाखल कुलां रोड़ पर सड़क किनारे खड़े पेड़ पौधे जल गए हैं। हमारी टीम इसकी जांच कर रही है, अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उक्त जगह का मुआयना कर गहनता से जांच पड़ताल की जाएगी। जांच में यदि किसी किसान द्वारा खेतों में फसल अवशेषों को आग लगाना पाया गया तो उसके खिलाफ़ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**कश्मीर सिंह, वन रेंज अधिकारी टोहाना**

### कूड़ा कर्कट में छिपाकर रखा डोडा पोस्त बरामद

**फतेहाबाद।** गांव दिवाना में पुलिस ने पंचायती जमीन में कूड़ा कर्कट में छिपाकर रखे साढ़े 11 किलो डोडा पोस्त को बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ टोहाना की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव दिवाना की ढाणी नूरपुर के पास मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को गांव के सरपंच प्रतिनिधि बिट्टू रोड व पंच संदीप कुमार ने सूचना दी कि गांव दिवाना की नूरपुर ढाणी में पजमीन को ऊंचा उठाने के लिए मिट्टी इत्यादि डाल रहे थे तो कूड़ा कर्कट में एक प्लास्टिक कट्टा दिखाई दिया। उसमें कचरा डोडा पोस्त है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहां मिले प्लास्टिक कट्टे को चैक किया तो उसमें से 11 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बेंच का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा रा'य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायालय परिसर सिरसा, डबवाली व ऐलनाबाद में आगामी 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कुल छह बेंचों का गठन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाणी गोपाल शर्मा ने बताया कि न्यायालय परिसर सिरसा में प्रिंसिपल जज न्यायाधीश फैमिली कोर्ट सुमित गर्ग, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशु सिंह, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गगनदीप गोयल राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करेंगे। डबवाली में अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट हरलीन पाल सिंह तथा ऐलनाबाद में अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष आर्य मामलों की सुनवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों के निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन

# शिविर में 21 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। शिविर में रक्तदान करते युवा।

विश्व रेडक्रॉस दिवस की पूर्व संध्या पर लॉर्ड शिवा गुरप ऑफ इन्स्टीच्यूट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 21 स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर के दौरान रक्तदानियों को 25 मई को मतदान करने की शपथ भी दिलवाई गई।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि उपायुक्त आरके सिंह के मार्गदर्शन में सोसायटी द्वारा सिरसा जिला में भिन्न-भिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम 'मानवता अभी जिंदा है' को मध्यनजर रखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय नागरिक अस्पताल ने शिविर में रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें रक्तसंचार अधिकारी डॉ. समता, लैब टैक्नीशियन करनैल सिंह व औम प्रकाश लैब टैक्नीशियन शामिल रहे। रक्तदान शिविर में रेडक्रॉस द्वारा मैंबरशिप ड्राइव डैस्क भी लगाया गया जिसमें रेडक्रॉस वालंटियर्ज ने अपनी सेवाएं देकर लोगों को रेडक्रॉस गतिविधियों से जुड़ने व उन्हें रेडक्रॉस, सैंट

### कल लगेगा नि:शुल्क हेल्थ कैंप

शिविर में गुरमीत सिंह सैनी सहायक सचिव ने लॉर्ड शिवा स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं को सीपीआर व प्राथमिक सहायता का डम्मी प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। उन्होंने बताया कि 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर स्वामी विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल अरनियांवाली में एक रक्तदान शिविर तथा 9 मई को न्यू लाइफ केयर अस्पताल सिरसा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। शिविर में लार्ड शिवा ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूट से डॉ. प्रीति वासिल, सुधांशु पांडे, लार्ड शिवा स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रिंसीपल मधु बिश्नोई, नर्सिंग स्टॉफ बलजीत कौर, रीना कंबोज, सुमन, हिना व दीक्षा तथा रेडक्रॉस के उप अधीक्षक पवन राणा, सुशील कुमार व वालंटियर्ज गगन वर्मा आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

### संघर्ष समिति सदस्यों ने किया गांवों का दौरा

**रतिया।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ब्लॉक रतिया की टीम ने मनदीप नथवान व ब्लॉक प्रधान गुरप्यार बाडा के नेतृत्व में दर्जनभर गांवों का दौरा किया और किसानों से 10 मई को फतेहाबाद में होने वाली किसान मजदूर पंचायत में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने गांव कमाना, बाड़ा, भानीखेड़ा, बादलगढ़, बबनपुर ढाणी, हुक्मावली, हडौली सहित अनेक गांव में गए और लोगों ने पंचायत में भारी संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया। मनदीप नथवान ने कहा कि इस महापंचायत में एसकेएम के बड़े नेता बलवीर सिंह राजेबाल, बूटा सिंह बुर्ज गील, आदि शामिल रहें।

### खुशदीप कौर ने एमए में पाया प्रथम स्थान

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया के पंजाबी विभाग की तीन छात्राओं ने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा जारी एमए पंजाबी प्रथम वर्ष की टॉप 10 सूची में अपना स्थान हासिल किया। एमए पंजाबी प्रथम वर्ष की छात्रा खुशदीप कौर ने इस टॉप 10 सूची में पहला स्थान, सुखवीर कौर ने चौथा व जसप्रीत कौर ने सातवां स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रेम मेहता ने इस सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने साथ ही महाविद्यालय के पंजाबी विभाग के प्राध्यापकों डॉ. बीरबल सिंह, प्रो. सर्वजीत सिंह व प्रो. अनिल कुमार के प्रयासों और परिश्रम की प्रशंसा भी की।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 19 मई को

**हिसार।** स्वर्गीय माता हरबंस कौर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में चौ. फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा 19 मई को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र द्वारा एमसी कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर के सभागार में यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। इस स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी।

### तीन दिवसीय ग्लोबल हैप्पीनेस प्रोग्राम कल से

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा खुश, गतिशील और तनाव मुक्त जीवन के रहस्यों को सिखाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर ग्लोबल हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 9 से 12 मई तक किया जाएगा। इसमें गुरुदेव विश्व भर में वेबकास्ट के माध्यम से लाखों लोगों से रुबरू होंगे। आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक व हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हिसार के लोगों के सहूलियत के लिए हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन इस बार 2 स्थानों पर 3 अलग-अलग समय पर किया जाएगा।

### लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर

**हिसार।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा सहित जिला प्रशासन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से हरियाणा राज्य परिवहन की बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं।

### स्कूलों मैदानों में नहीं होंगी चुनावी रैलियां

**हिसार।** लोकसभा आम चुनाव के तहत चुनाव रैलियों के लिए राजनीतिक पार्टियों व प्रत्याशियों को चुनाव आयोग से स्कूल एवं कॉलेजों के खेल के मैदान का उपयोग करने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा।

---

25 मई को लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें अपने मत का उपयोग

# सभी मतदाता करें, अपनी भागीदारी सुनिश्चित : राहुल

मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है इसलिए मतदाता को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सवार्रेपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को आगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। इसलिए हर मतदाता को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत का उपयोग करना चाहिए। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। स्वीप अभियान के तहत महिलाओं को बताना कि उनके वोट की भी कीमत पुरुषों के बराबर है। इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अपने मत का बिना किसी डर या भय के उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चयन करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी।

## मतदान केंद्रों पर पेयजल की हो जरूरी व्यवस्था : उपायुक्त

- मतदान केंद्रों के सामने टेंट इत्यादि की व्यवस्था पुख्ता रखी जाए
- पेयजल जैसे पुण्य कार्य में संस्थायें सहयोग जरूर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

लोकसभा आम चुनाव के लिये 25 मई को मतदान होगा। इस दौरान गर्मी के मौसम के चलते पेयजल की सभी आवश्यक व्यवस्था पूरी की जाए। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर सामने, टेंट इत्यादि की व्यवस्था पुख्ता रखी जाए ताकि मतदाताओं को मतदान में किसी प्रकार की असुविधा न हो। ये निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह ने मतदान केंद्रों पर सभी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता बारे सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई को मतदान वाले दिन प्रत्येक बूथ पर पेयजल सुविधा प्राथमिक तौर पर हो। इसके साथ ही मतदान के लिए लाइन में खड़े मतदातओं के लिये छाव की व्यवस्था रहे, जिससे मतदाता सुविधापूर्वक अपना मतदान कर सकें। उन्होंने कहा कि राहगीरों, यात्रियों व आमजन को पेयजल सुविधा की उपलब्धता में धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग अपेक्षित रहेगा। इसलिये पेयजल जैसे पुण्य कार्य में संस्थायें सहयोग जरूर करें। आने-जाने वाले यात्रियों के लिये बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर पानी की सुविधा हो। इसके साथ ही आमजन के लिए सार्वजनिक स्थानों पर भी पेयजल की व्यवस्था की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 मई को सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया के लिए प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि चुनाव को पर्व की भांति मनाए और 25 मई को मतदान के लिए घरों से बाहर निकलकर मतदान कर सिरसा का अभिमान, शतप्रतिशत मतदान के अभियान को सार्थक बनाए।

# दो कारों की भिड़ंत में 5 पुलिस कर्मियों समेत 6 लोग घायल

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोरखी गांव के पास दो कारों की भिड़ंत में 5 पुलिस कर्मियों सहित 6 लोग घायल हो गए घायलों में एक महिला पुलिस कर्मी भी शामिल है। सभी घायलों को उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है।


**हांसी।** नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन पुलिस कर्मी।

नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन अर्टिगा कार चालक भाटोल निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार सुबह अपनी अर्टिगा कार में सवार होकर धनाना गांव जा रहा था। जैसे ही वह सोरखी गांव के समीप अपनी कार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़ाने लगा तो अचानक हांसी की ओर से आ रही एक कार की उसकी कार के साथ टक्कर हो गई। उधर दूसरी कार में तीन महिला पुलिस कर्मियों पुनम, सुनीता, गीता, सुशील व कुलदीप एक निजी कार में सवार होकर अपनी ड्यूटी पर रोहतक जा रहे थे कि सोरखी गांव के समीप पहुंचे तो सड़क चढ़ रही एक कार के साथ उनकी कार की भिड़ंत हो गई और घायल हो गए। इस सड़क हादसे एक पुलिस कर्मी के हाथ पैरों में चोटें आई हैं जबकि अन्य पुलिस कर्मियों को मामूली चोंटे आई है।

जबकि अर्टिगा कार चालक राजेश की छाती में गुम चोट लगी है। राजेश ने बताया कि हादसे के बाद आस-पास के लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंच घायल राजेश और पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का उपचार किया जा रहा है।

## जाखल क्षेत्र में अफीम सहित युवक गिरफ्तार

- कुलदीप सिंह के नेतृत्व में हुई गिरफ्तारी
- युवक की पहचान चमकौर सिंह के रूप में हुई

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में पुलिस ने जाखल क्षेत्र से एक युवक को अफीम सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना जाखल पुलिस की टीम थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। टीम जब जाखल से गांव तलवाड़ा की तरफ जा रही थी और सच कैंटीन के पास पहुंचीर तो कैटीन के बाद एक जीप खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर गाड़ी चालक घबरा गए और जीप को गांव तलवाड़ा की तरफ ले जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर जीप सवार युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम चमकौर सिंह निवासी मुसाखेड़ा बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 50.40 ग्राम अफीम बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना जाखल में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## रतिया में दो दुकानों के ताले टूटे, नकदी व सामान चोरी

**रतिया।** चोरों ने शहीद भगत सिंह चौक के पास दो दुकानों के ताले तोड़कर वहां से हजारों की नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अलालवास निवासी रमेश व न्यू टाऊन रतिया निवासी हर्ष कुमार ने कहा है कि उनकी भगत सिंह चौक के पास मण्डी रोड पर दुकान है। गत दिवस रात को वह अपनी दुकानों को ताला लगाकर घर चले गए थसे। अगले दिन सुबह जब वह अपनी दुकानों पर आए तो देखा कि दोनों दुकानों के ताले टूटे पड़े थे और दुकानों में सामान बिखरा पड़ा था। जब उन्होंने सामान की जांच की तो पाया कि चोर रमेश एग्रीकल्चर स्टोर के गल्ले से 28 हजार रुपये की नगदी व नवीन सेल्स कारपोरेशन से बैटरी व डीवीआर चोरी कर ले गए हैं। इस पर पहले उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा नौ मई को

**फतेहाबाद।** श्री ब्राह्मण सभा व परशुराम ब्राह्मण सेना के संयुक्त तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह व विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए परशुराम ब्राह्मण सेना के अध्यक्ष एडवोकेट विकास ने बताया कि 9 मई को शोभायात्रा का शुभारंभ महंत राजेश गिरी करेंगे। यह शोभा यात्रा भगवान श्री परशुराम मंदिर से चलकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 10 मई को भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी देवी दयाल तायल होंगे।

## गड़बड़ी रोकने के लिए प्रधान ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नगर परिषद द्वारा गलियों के निर्माण से पहले पुराने वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। इसके अलावा पिछला रिकॉर्ड जांचा जाएगा कि गली का निर्माण कब हुआ था और इस दौरान कितना खर्च हुआ था। ठेका किस एजेंसी के पास था। गली बनने लायक होगी तो ही निर्माण होगा। गलियों के निर्माण में गड़बड़झाला रोकने के लिए नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने कार्यकारी अभियंता को निर्देश जारी किए थे। प्रधान के निर्देश के बाद अब अधिकारी हरकत में आए है। कार्यकारी अभियंता ने एमई और जेई को जारी किए गए निर्देश में कहा है कि प्रधान नगर परिषद द्वारा लिखित निर्देश दिए थे कि नगर परिषद द्वारा जिन गलियों के नव निर्माण को लेकर अनुमान तैयार किए गए है उनके निर्माण से पहले उन गलियों की वीडियोग्राफी करवाई जाए। इसलिए संबंधित अधिकारी अपने-अपने वार्ड से संबंधित तैयार गलियों के एवं सडक्रों की विस्तृत रिपोर्ट जिसमें उक्त काम कार्यालय द्वारा पूर्व में कब करवाया गया।



# जीवन में संघर्ष से ही पा सकते हैं लक्ष्य

- सभी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे
- लोगों ने अपनी मेहनत के बल पर सरकारी नौकरी की हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मानव जीवन में संघर्ष करके ही सफलता और लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता हैं। इसलिए हमें अपने जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। यह बात जिला उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी आर के सिंह ने मंगलवार को स्थानीय पंचायत भवन के सभागार में नव नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही। उपायुक्त ने कहा कि आप लोगों ने अपनी मेहनत के बल पर सरकारी नौकरी हासिल कर ली है, लेकिन आप यहीं तक सीमित न रहें, और अधिक प्रयास कर इससे बेहतर लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें। हरियाणा में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। आप सभी को अलग-अगल विभागों में चुनाव प्रक्रिया में सहयोग के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसलिए आप सभी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले में सौ प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप मुहिम के तहत अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।


**सिरसा।** कार्यशाला को संबोधित करते उपायुक्त आरके सिंह।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस स्थानीय सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में 8 मई को मनाया जाएगा, जिसमें उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य कैम्प भी लगाया जाएगा और बुजुर्ग व मानसिक रूप से बीमार लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त राहुल नरवाल एक ओर जहां आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों व मानसिक रूप से बीमार लोगों को फलाहार वितरित करेंगे वहीं खुशी नई उम्मीद संस्था द्वारा रेडक्रॉस के माध्यम से लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी करेंगे और रक्तदाताओं को बैज लगाएंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच कैंप के बाद उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा बुजुर्गों को चश्मे भेंट किए जाएंगे और जिन उपकरण की आवश्यकता है उन्हें उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजन को रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनेन्ट की सेवाओं के बारे में आमजन को अवगत करवाया जाएगा।

## सैनिक स्कूल खारा खेड़ी में एनडीए में प्रवेश को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सेना भर्ती कार्यालय, हिसार द्वारा सैनिक स्कूल, खारा खेड़ी में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के 211 विद्यार्थियों यानि 174 लड़कों और 37 लड़कियों ने भाग लिया। सेना कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक कर्नल अमेय सावंत ने छात्रों को आर्मी ऑफिसर में प्रवेश के लिये जागरूक किया। उन्होंने कैडेटों को एक अच्छा नागरिक बनने के लिए विभिन्न मूल्यों और पहलुओं के बारे में जागरूक किया।


**फतेहाबाद।** सैनिक स्कूल खारा खेड़ी में आउटरीच कार्यक्रम में कैडेट्स को संबोधित करते सेना कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक कर्नल अमेय सावंत।

प्रस्तुति के बाद छात्रों ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने के लिए निदेशक कर्नल अमेय सावंत के साथ बातचीत की। इस दौरान कैडेटों ने सेना में अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में गहरी रुचि दिखाई।

## शातिर ठग ने कॉल पर 80 हजार रुपये ठगे

- कनाडा से रिश्तेदार बताकर दिया वारदात को अंजाम
- पुलिस भी इस शातिर ठग गिरोह का भंडाफोड़ करने में नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

वर्तमान के डिजिटल युग में भोलेभाले लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठग ठगी के लिए विभिन्न पैंतरे अपना रहे हैं। कभी अनजान लिंक पर क्लिक से बैंक खाता खाली तो कभी अपनी चतुराई से ओटीपी पूछ कर या फिर एटीएम कार्ड क्लोन कर लोगों को चपत लगा रहे हैं। साइबर सेल के पास आएं दिन ऑनलाइन ठगी की शिकायतें आ रही हैं। पुलिस भी इस शातिर ठग गिरोह का भंडाफोड़ करने में नाकाम साबित हो रही है। जाखल व कुलां क्षेत्र में भी इससे पहले अभी तक साइबर फ्रॉड के करीब आधा दर्जन मामले सामने आ चुके हैं। कुलां क्षेत्र में बीते दिन साइबर ठगी का अलग ही तरीके का मामला सामने आया है। इसमें साइबर ठग ने गांव मंघेड़ा में रहने वाले एक व्यक्ति का कनाडा से रिश्तेदार बनकर कॉल की, जिसमें ठग ने एक एजेंट को रुपए देने का हवाला देते हुए पीड़ित व्यक्ति से 15 दिन के लिए उधार एक लाख रुपए की की मांग की। इसको व्यक्ति भी समझ नहीं पाया और झांसे में आकर साइबर ठग की ओर से बताए गए अकाउंट में 80 हज़ार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

इसके बाद जब पीड़ित ने असल में कनाडा में रहते अपने रिश्तेदार के भाई से इस बारे में बात की तो पता चला कि वहां से कोई कॉल नहीं की गई थी। पीड़ित व्यक्ति ने अब फतेहाबाद साइबर पुलिस स्टेशन में इस धोखाधड़ी की शिकायत दी है। कुलां के निकटवर्ती गांव मंघेड़ा निवासी जस्सा सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल को उसके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को कनाडा से जस्सा सिंह को उसके मामा का लड़का गुरमीत सिंह बताया और कहा कि उसने एक एजेंट को तत्काल पैसे देने है। ऐसे में फोन पर उसने पैसा जल्द डलवाने को कहा। साइबर ठग ने उसे कहा कि वो 15 दिन बाद इधर अपने घर आएगा तो उसके पैसे वापिस लौटा देगा। इस पर जस्सा सिंह ने अपने किसी परिचित के माध्यम से उसे ऑनलाइन 80 हजार रुपए ट्रांसफर करवा दिए। इसके बाद जस्सा ने कुरुक्षेत्र के गांव सलेमपुर में रहने वाले अपने रिश्तेदार यानि कनाडा में रह रहें गुरमीत सिंह के भाई को कॉल की तो पता चला कि उनके रिश्तेदार गुरमीत ने उससे कोई बातचीत नहीं की, न ही कोई पैसा मंगवाया हैं। अपने साथ हुई ठगी के बाद पीड़ित जस्सा सिंह ने खाते में पैसे डलवाने वाले ठग को कॉल कर वापिस पैसों की मांग की तो पहले तो ठग आनाकानी करता रहा और उसके बाद उसका फोन बंद आ रहा है।

कुलां के सरकारी स्कूल में छात्राओं को किया मोटिवेट

# पुलिस को देखकर घबराएं नहीं, समस्या बताएं : सरोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

किसी भी सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। सफलता पाने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और अपने पर विश्वास करना होगा। यह बात महिला जागरूकता टीम की इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज ने मंगलवार को कुलां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित महिला सुरक्षा व साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम में छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कही। फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा, साइबर जागरूकता एवं महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।


**फतेहाबाद।** कुलां के सरकारी स्कूल में छात्राओं को जागरूक करते इंस्पेक्टर सरोज।

स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्कूल में पहुंचने पर स्वागत किया और पुलिस विभाग द्वारा छात्राओं को जागरूक करने को लेकर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने को सराहनीय कदम बताया। छात्राओं को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर सरोज ने कहा कि लड़कियां अब हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने छात्राओं को जहां उनके कानूनी अधिकारों बारे जानकारी दी वहीं पुलिस को अपना मित्र समझने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस को देखकर हमें डरना, घबराना नहीं चाहिए।

### स्कूल में लगी शिकायत पेटिका

हमें यह समझना चाहिए कि पुलिस आपकी मदद के लिए है। आपकी मित्र है। आप बेझिझक होकर पुलिस के सामने अपनी समस्या रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी शिकायत स्कूल में लगी शिकायत पेटिका में भी डाल सकते हो। उन्होंने कहा कि खूब मेहनत करों कभी ना कभी सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने सरकार द्वारा ऑनलाइन शिक्षा को लेकर छात्राओं को दिए गए टैबलेट का सही प्रयोग करने की सलाह दी और कहा कि हमें न केवल इसके गलत प्रयोग से बचना चाहिए वहीं ऑनलाइन काम करते समय पूरी सतर्कता भी बरती चाहिए। जानकारी के अभाव में कई बार हम ऑनलाइन ऐसा काम कर बैठते हैं, जिससे हमें नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने छात्राओं को सोशन मीडिया से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करनी चाहिए। कोई भी ऐप्लिकेशन डाउनलोड करते समय उस ऐप्लिकेशन द्वारा मांगी गई गैर जरूरी परशिन को अलॉउ नही करना चाहिए। इस प्रकार से हम छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर काफी हद तक साइबर अपराधों से बच सकते हैं। साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें या नजदीक पुलिस चौकी या पुलिस स्टेशन पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। उन्होंने उपस्थित छोटी लड़ियों को गुड टच व बैड टच के बारे बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005